अनदेखी | पंखे तक की सुविधा नहीं, कई बसों के दरवाजे और खिड़कियां भी जर्जर

सुरक्षा दरकिनार, पुराने ढर्रे पर दौड़ रहीं यात्री बसें

जबलपुर, नवभारत। शहर और आसपास के क्षेत्रों से संचालित होने वाली कई यात्री बसों में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह लचर नजर आ रही है। अधिकांश बसों में न तो अग्निशामक यंत्र मौजूद हैं और न ही आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) की समुचित व्यवस्था है। नवभारत की टीम ने गत दिवस बसों का जायजा लिया, जो सामने आया वह चौका देने वाला है। सुबह करीब 12 बजे दीनदयाल और छोटी लाइन के पास खड़ी बसों में सवारी को बैठाया जा रहा था। जब बसों को नजदीक से देखा गया तो उनमें ढेरों खामियां दिखीं। आसपास के जिलों की ओर जाने वाली बसों में यात्री सुविधा के नाम पर सिर्फ सीट ही दिखी। गर्मी में बसों में पंखे तक की सुविधा नहीं दिखी। कई बसों के दरवाजे और खिड़कियां भी जर्जर हालत में हैं, जिससे किसी दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा गंभीर खतरे में पड़ सकती है।

रोज कर रहे मनमानी

इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा नियमित जांच और प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से बस संचालक मनमाने ढंग से नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। हर दिन हजारों यात्री इन्हीं बसों में सफर करने को मजबूर हैं और उनकी सुरक्षा भगवान भरोसे है। पड़ताल में यह भी सामने आया कि आइएसबीटी से संचालित कई बसों को नियमों के विपरीत मनमाने तरीके से माडिफाई किया गया है। बसों में चढ़ने और उतरने के लिए महज एक ही द्वार है। बता दें कि सुरक्षित और सुकून के सफर की आस में बसों में यात्रा करने वाले - यात्रियों के लिए सुरक्षा के इंतजाम सिफर हैं। मालूम हो कि सभी बसों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर बसें दौड़ रही हैं। बस संचालन के लिए गाइडलाइन बनी हुई है, लेकिन वह सिर्फ कागजों तक सीमित है।

फैक्ट फाइल

संचालन से जुड़े कुछ नियम

- चालक के पास वैध हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस और बैज होना जरूरी है।
- बस में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री बैठाना प्रतिबंधित है।
- बस के पास वैध परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।
- प्रत्येक बस में फर्स्ट एड बाक्स अनिवार्य रूप से होना चाहिए। अग्निशमन यंत्र कार्यशील स्थिति में रखना जरूरी है।
- इमरजेंसी एग्जिट और उसके संकेत स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
- आपात स्थिति में कांच तोड़ने के लिए हैमर उपलब्ध होना आवश्यक है।
- बस में पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम होना जरूरी है।
- रात्रिकालीन बसों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और रिफ्लेक्टर होना जरूरी है।

एएसआई के स्थानांतरण आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) राजेंद्र प्रसाद यादव के स्थानांतरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजय शंकर रायजादाए प्रभात यादव व अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राजेंद्र प्रसाद यादव वर्ष 1995 में कांस्टेबल ट्रेड (कुक) के रूप में भर्ती हुए थे, लेकिन वर्ष 2013 में एएसआई पद पर पदोन्नति के बाद उनका संवर्ग ट्रेड आधारित नहीं रहा। इसके बावजूद 29 मई 2026 को उन्हें थाना मानपुर से रक्षित केंद्र उमरिया स्थानांतरित कर दिया गया। प्रारंभिक सुनवाई के बाद न्यायालय ने स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है।

जन्मदिन के दिन मासूम की मौत

टीन शेड में दौड़ रहे करंट की चपेट में आए दो बालक दूसरा गंभीर

नवभारत, जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर घर के बाहर दोस्त के साथ साइकिल चला रहा एक 9 वर्षीय मासूम लोहे के टिन शेड में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में उसका दोस्त भी गंभीर रूप से झुलस गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हृदय विदारक बात यह है कि हादसे के दिन मृत बालक का जन्मदिन था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

यादव कॉलोनी चौकी प्रभारी गनपत मर्सकोले ने बताया कि उजार पुरवा निवासी रौनक महर पिता रोशन महर, 9 वर्ष का शुक्रवार को जन्मदिन था। सुबह से घर में उत्सव का माहौल था। दोपहर करीब 12 बजे रौनक अपने दोस्त रिहान केवट के साथ घर के बाहर साइकिल चला रहा था। तभी दोनों दोस्त पास ही बने एक बाड़े के समीप पहुँच गए। बाड़े की बाउंड्री पर लगे लोहे के टिन शेड में तेज करंट दौड़ रहा था। साइकिल चलाते समय दोनों मासूम अनजाने में इस टिन शेड के संपर्क में आ गए। दोनों दोस्त छटपटाते रहे। करंट इतना भयानक था कि रौनक महर को संभलने का मौका भी नहीं मिला और उसकी घटनास्थल पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

करंट की चपेट में आए दूसरे बच्चे रिहान केवट को तुरंत एक निजी अस्पताल पहुँचाया गया। डॉक्टर की निगरानी में रिहान का उपचार किया जा रहा है, जहाँ उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस बाड़े में कटे-फटे तार से करंट दौड़ रहा था।

बर्थडे की खुशियां चीखों में बदलीं, सदमे में परिजन

मासूम की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बधाईयाँ देने के साथ लंबी उम्र की प्रार्थना करने वाले परिजन रौनक का शव देख सदमे में सुध-बुध खो बैठे है। दरअसल हादसे के पहले घर में उत्सव का माहौल था। घर में केक काटने की तैयारी चल रही थी, परिजन लाडले की लंबी उम्र की दुआएं माँग रहे थे। मासूम रौनक अपने 9वें जन्मदिन पर बेहद खुश था। वे अपने मासूम दोस्त के साथ हँसते-खेलते हुए घर के पास खेल रहा था। दोनों मासूमों को अंदाजा भी नहीं था कि वहाँ मौत उनका इंतजार कर रही है। दोपहर होते-होते खुशियां चीख-पुकार मच गई। इस हृदय विदारक घटना को जिनसे भी देखा, सुना उसकी आँखें नम हो गई।

दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट में भिड़े दो यात्री

सुप्रीम कोर्ट के वकील से मारपीट, एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। डुमना एयरपोर्ट पर शुक्रवार को दिल्ली से आई एक फ्लाइट में सामान (लगेज) निकालने के दौरान धक्का लगने की बात पर दो यात्रियों के बीच में शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक यात्री ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट डुमना एयरपोर्ट पहुंची थी। इस फ्लाइट में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सोहन मुखर्जी निवासी कोलकाता के अपने पुत्र, केयरटेकर के साथ सवार थे, जो प्रसिद्ध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करने के लिए दिल्ली से जबलपुर आ रहे थे। इसी फ्लाइट में दिल्ली के ही रहने वाले जोगेश बंसल नाम के यात्री भी यात्रा कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब सुबह 8:20 बजे फ्लाइट एयरपोर्ट पर लैंड हुई और यात्री अपना-अपना सामान निकालने लगे, तभी धक्का लगने की बात पर सोहन मुखर्जी और जोगेश बंसल के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते बहस धक्का-मुक्की में बदल गई। इसके बाद आरोपी जोगेश बंसल ने आपा खो दिया और फ्लाइट के अंदर ही अधिवक्ता सोहन मुखर्जी के साथ मारपीट कर धमकाया। विमान के भीतर अचानक हुई इस झड़प से बाकी यात्रियों में भी हड़कंप मच गया। खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि लगेज निकालने के दौरान धक्का लगने की बात पर यात्रियों के बीच मारपीट हुई है। अधिवक्ता सोहन मुखर्जी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जोगेश बंसल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष जोगेश बंसल की ओर से भी शिकायत दर्ज कराई गई है जांच चल रही है।

सोने का झुमका लूटा, महिला लहूलुहान

नवभारत, जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत कटंगी-खजरी बाईपास पर बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने राह चलती महिला के कान से सोने का झुमका इस बेरहमी से खींचा कि उनका कान बीच से फट गया। लहूलुहान हालत में महिला दर्द से चीखती रही और आरोपी पलक झपकते ही फरार हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रांझी के ग्राम मड़ई व्हीकल की रहने वाली सविता चौधरी (38) अपने पति गणेश चौधरी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बिहरिया से कटंगी बाईपास होते हुए खजरी बाईपास

की तरफ जा रही थीं। जैसे ही वे हाईवे पर पहुंचे, पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लड़के उनके करीब आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों आरोपियों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच थी और वे काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। मोटरसाइकिल पर बीच में बैठे लड़के ने अचानक सविता चौधरी के दाहिने कान पर झपट्टा मारा। उसने कान में पहना हुआ करीब 3.5 ग्राम वजनी सोने का झुमका कीमत लगभग 50,000 पूरी ताकत से खींच लिया। झटका इतना तेज था कि महिला का कान फट गया और खून की धार बहने लगी। वारदात के बाद आरोपी तेजी से खजरी बाईपास की तरफ भागे। गणेश चौधरी ने हौसला दिखाते हुए लुटेरों का पीछा भी किया, लेकिन तेज रफ्तार बाइक सवार बदमाश उन्हें चकमा देकर गायब हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब हाईवे और बाईपास के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

सतना से आई 14 किलो गांजे की खेप समेत चार सौदागर पकड़ाए

सिवनी में खपने के पहले 7.28 लाख का गांजा जब्त

नवभारत, जबलपुर। अधारताल पुलिस ने करौंदा बायपास के पास घेराबंदी कर बालक समेत चार नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 14 किलो 572 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 7 लाख 28 हजार 600 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 2 स्कूटी जप्त की गई। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में गांजा तस्करी से जुड़े राज भी उगले है। गांजे की खेप सतना से आई थी और सिवनी में खपने वाली थी। टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि करौंदा बायपास के पास दाऊ मैरिज गार्डन के आगे, कटनी जबलपुर मार्ग में घेराबंदी की गई। 2 बिना नंबर प्लेट की जुपिटर स्कुटी पर बैठे दिशांत सिंह परिहार पिता धर्मन्द्र प्रताप सिंह परिहार 21 वर्ष निवासी ग्राम पुरतला पोस्ट पतवारा थाना नगौद जिला सतना, बालक 17 वर्ष, अँशुल राय पिता प्रेम सिंह राय 21 वर्ष निवासी ग्राम चौरापाठा थाना कवलारी जिला सिवनी, नवीन झारिया पिता लक्ष्मण झरिया 21 वर्ष निवासी मोहगवा थाना केवलारी जिला सिवनी को दबोचा गया।

ऐसे चल रहा था तस्करी का नेटवर्क

आरोपी दिशांत सिंह परिहार व बालक ने पूछताछ पर पवन बागरी निवासी ग्राम अमदरी नगौद जिला सतना से गाँजा लाने फोन के माध्यम से सम्पर्क कर अँशुल राय व नवीन झारिया को गाँजा देने के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गाँजा देना बताये, अँशुल राय एवं नवीन झारिया ने गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर दिशांत सिंह परिहार व विधि विरुद्ध बालक से गाँजा लेकर स्वंय सिवनी में बेचना बताये।

टीम ने खोली बोरी-बैग, रह गए दंग

पुलिस ने स्कूटी में रखी बोरी एवं बैग खोलकर देखा तो टीम दंग रह गई। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गाँजा रखा मिला, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई। आरोपियों के कब्जे से कुल 14 किलो 572 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 7 लाख 28 हजार 600 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की 2 स्कूटी जप्त की गई।

सूने घर से जेवर, नगदी ले उड़े चोर

नवभारत, जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत सदाफल में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर अच्छेलाल झारिया 64 वर्ष निवासी सदाफल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा भोला झारिया और बहू अनीता बाई ग्राम सदाफल बस्ती के अंदर अलग मकान में रहते हैं उसकी बेटी मुन्नी बाई ससुराल में रहती है बेटी मुन्नी बाई ने अपने सोने चांदी के जेवर उसके घर में रखे थे। वे महुआ बीनने खेत तरफ चला गया था पत्नी, बहू, नाती सभी घर में ताला लगाकर महुआ बीनने उसके पास खेत तरफआ गये थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसके सूने मकान में धावा बोलते हुए दरवाजा के ताला तोड़कर पेटी और ड्रम में रखी सोने की एक पांचाली, तीन जोड़ी झुमकी, अंगूठी, दो लोंग, चांदी की एक करधन, दो जोड़ी पायल, आधा दर्जन बिछिया, नगदी तीस हजार रूपये पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

फोरव्हीलर ने कुचला, युवक की मौत

नवभारत, जबलपुर। मझगवां थाना अंतर्गत कुम्ही खुर्द बोर्ड स्कूल के पास शुक्रवार दोपहर फोरव्हीलर ने बाइक चालक को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक अमित कुमार चौधरी 38 वर्ष निवासी ग्राम सरौली शुक्रवार दोपहर लगभग 2-30 बजे वायपास कुम्ही खुर्द पहुँचा तभी एक मोटर सायकल चालक कुम्ही तरफ से प्रतापपुर तरफजा रहा था कि पीछे से एक फोरव्हीलर क्रमांक एमपी 13 ए एच 3616 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये मोटर सायकल चालक को टक्कर मार दिया जिससे मोटर सायकल चालक कुम्ही रोड के पास लगी बाडी में गिरा। एक्सीडेंट करने वाली गाड़ी का अगला ड्रायवर तरफका चका की राड टूट गयी जिससे फोर व्हीलर रूक गयी चालक गाड़ी से उतरकर भाग गया। मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 0564 पल्सर थी हादसे में घायल शिवम सिंह मार्को 20 वर्ष निवासी बंदरकोला थाना मझगवां की मौत हो गई।

सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम

गढ़ा थाना अंतर्गत छोटा जैन मंदिर पुरवा के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूलतः तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर निवासी आशीष ठाकुर पिता शिव प्रसाद ठाकुर (42) वर्तमान में संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के गजरथ नगर में रह रहा था। 23 मई की सुबह वह अपनी मोटरसाइकिल से मेडिकल की तरफ काम पर जा रहा था तभी छोटा जैन मंदिर पुरवा के सामने रोड डिवाइडर कट के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक ने सीधी टक्कर मार दी थी। इलाज के दौरान गुरूवार की रात्रि उसकी मौत हो गई।

ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

नवभारत, जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत छतरपुर फाटक के पास शुक्रवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन की जोरदार टक्कर से शव पूरी तरह क्षत-विछत हो गया था। पुलिस के मुताबिक, शुभम श्रीवास निवासी आजाद वार्ड, पनागर को छतरपुर फाटक पर तैनात गेटमैन शैलेंद्र से सूचना मिली। गेटमैन ने बताया कि जबलपुर की ओर जाने वाली अप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इस खबर के बाद शुभम पहुंचा। कपड़ों और पास में गिरे पर्स को चेक करने पर उसमें एक आधार कार्ड मिला। जिसके आधार पर पहचान पिता मनोहर श्रीवास (53) के रूप में की।

कटनी में पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित न होने के मामले में मोहलत

जबलपुर। कटनी जिले में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है। हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस विजय शुक्ला की युगलपीठ के समक्ष सुनवाई दौरान केन्द्र सरकार की ओर से असिस्टेंट सालिसिटर जनरल उपस्थित हुए, जिन्होंने जवाब के लिये समय की राहत चाही। जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को निर्धारित की है। यह जनहित का मामला कटनी निवासी समाजसेवी दिव्यांशु उर्फ अंशु मिश्रा की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि प्रदेश के महत्वपूर्ण जिलों में एक जिला कटनी भी है। जिसकी जनसंख्या दस से पंद्रह लाख के करीब है और प्रशासनिक तथा व्यावसायिक केन्द्र के रूप में लगातार उन्नति कर रहा है। रेलवे की दृष्टि से प्रदेश में कटनी जंक्शन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके बावजूद भी कटनी में पासपोर्ट बनाने के लिए पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित नहीं किया गया है। जिसके कारण व्यापारियों, छात्र तथा नौकरी के लिए विदेश जाने वाले नव युवकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्हें पासपोर्ट बनवाने के लिए जबलपुर व सतना जाना पड़ता है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि पीओपीएसके योजना का उद्देश्य प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में सस्ती व सुलभ पासपोर्ट सेवा सुनिश्चित करना है।

चार अपराधियों को हर माह लगानी होगी हाजिरी

नवभारत, जबलपुर। शहर के चार अपराधियों को अब हर माह थाने में हाजिरी लगानी होगी। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत चार आदतन अपराधियों पर सख्ती करते हुए उन्हें निर्धारित तिथियों पर हर माह संबंधित पुलिस थाने में अनिवार्य रूप से हाजिरी लगाने के आदेश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जारी आदेश के अनुसार, आधारताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदंबा कॉलोनी, महाराजपुर निवासी 19 वर्षीय लकी गोटिया, गोरखपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथीताल कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय कबीर यादव को आगामी चार माह तक प्रत्येक माह की 15 और 25 तारीख को संबंधित थाने में उपस्थित होना होगा। वहीं, गोहलपुर थाना क्षेत्र के मोतीनाला पुल के पास बंधैया मोहल्ला निवासी 34 वर्षीय गगन यादव तथा कटंगी थाना क्षेत्र के ईदगाह मोहल्ला कटंगी निवासी 22 वर्षीय अरबाज मंसूरी को तीन माह तक प्रत्येक माह की 25 तारीख को संबंधित थाने में हाजिरी लगानी होगी।

अपनों ने मुंह फेर ठुकराया, समाजसेवी बने सहारा

बेसहारा की मौत, तिलवारा घाट में अंतिम संस्कार

नवभारत, जबलपुर। मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर रहकर गुजर-बसर करने वाली एक 55 वर्षीय बेसहारा महिला की बीमारी के कारण मौत हो गई। मौत की खबर मिलने के बाद भी जब परिजनों ने मुंह फेर आने से साफ इनकार कर दिया, तो सामाजिक संस्था गरीब नवाज कमेटी ने आगे बढ़कर मृतिका का अंतिम संस्कार कराया। जानकारी के अनुसार, मूलत :भट्टा मोहल्ला, कटनी की रहने वाली मीना चौधरी पिता मिसरी चौधरी लगभग 55 वर्ष, पिछले काफी समय से जबलपुर में रह रही थी। वह यहाँ मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती थी। सिर पर छत न होने के कारण वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के बाहर जहाँ भी जगह मिलती थी, वहीं सो जाया करती थी। पिछले कुछ दिनों से बीमारी से जूझने के कारण अचानक उनका निधन हो गया। महिला के निधन की सूचना मिलते ही पुलिस और गरीब नवाज कमेटी के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे। मृतिका के परिजनों को ढूंढ निकाला और उनसे संपर्क किया। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि परिजनों ने जबलपुर आने और शव को अपनाने से साफ मना कर दिया। गरीब नवाज कमेटी के सदस्य मृतिका के शव को ससम्मान तिलवारा मुक्तिधाम ले गए जहाँ अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। कमेटी के सदस्य इनायत अली, रियाज अली, बाबू खान, बछु नांकनी, दीपक निगम, यूसुफ मालगुजार, अतहर और मोहम्मद करीम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्रवाई | गौर एकता मार्केट के पास वाहन से कर रहा था डीजल चोरी, सिक्योरिटी कंपनी को भी जारी किया गया नोटिस

नगर निगम के वाहन से डीजल चोरी करने वाले चालक को हटाया

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम जबलपुर के वाहन से दिनदहाड़े डीजल चोरी करने के मामले में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार ने सख्त रूख अपनाया है और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल चालक पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए। जानकारी के अनुसार निगमायुक्त के फरमान के बाद स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से वाहन चालक को हटा दिया और राज सिक्योरिटी कंपनी को नोटिस जारी किया है।

चालक इसी कंपनी के अंडर में वाहन चला रहा था। विदित हो कि नवभारत ने गत दिवस

दिनदहाड़े ननि के वाहन से हो रहा था डीजल चोरी के शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसके बाद निगमायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संज्ञान लिया और कार्रवाई करवाई।

जानकारी के अनुसार गत दिवस गौर एकता मार्केट के पास नगर निगम के वाहन से डीजल चोरी करते हुए चालक का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसने नगर निगम के वाहनों में डीजल की चोरी करने के मामले को उजागर किया था। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने भी भ्रष्टाचारी के खिलाफ जमकर विरोध जताया था।

इनका कहना है

राज सिक्योरिटी कंपनी के चालक राहुल को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है और कंपनी को नोटिस जारी किया गया है कि दोबारा इस तरह का कृत्य घटित न हो। निगमायुक्त के फरमान के मुताबिक उक्त कार्रवाई की गई है।

अभिनव मिश्रा
स्वास्थ्य अधिकारी ननि

निगम के वाहन से डीजल चोरी करने के मामले को गंभीरता से लिया गया है। भविष्य में इस तरह के कृत्य दोबारा न घटित हों इसके लिए सभी सीएसआई, राज सिक्योरिटी कंपनी के जिम्मेदारों को चेता दिया गया है।

संदीप जायसवाल
डीजल प्रभारी ननि

प्रताड़ना से तंग थी महिला, मजबूरी में की आत्महत्या

मर्ग जांच में खुलासा : पति सास-ससुर और जेठ पर एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत बाजार मोहल्ला में ससुराल पक्ष की लगातार प्रताड़ना और मारपीट से तंग आकर 36 वर्षीय मंजूलता साहू ने चूहामार दवा खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी पुलिस ने मर्ग जांच के बाद इस मामले में मृतिका के पति, सास, ससुर और जेठ के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 20 जून की रात लगभग 8:35 बजे बरेला निवासी मंजूलता साहू को उनके पति प्रवीण साहू ने गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसी रात करीब 9:30 बजे मंजूलता की मौत हो गई थी। मामला बरेला थाना क्षेत्र का था, इसलिए लॉर्डगंज पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर डायरी अग्रिम जांच के लिए थाना बरेला ट्रांसफर की गई थी। बरेला पुलिस ने जब मर्ग डायरी को जांच में लेकर मृतिका के मायके पक्ष के बयान दर्ज किए, तो प्रताड़ना की खौफनाक कहानी सामने आई। परिजनों ने बताया कि शादी के बाद से ही पति प्रवीण साहू लगातार मारपीट कर मंजूलता को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करता था। इस जुल्म में उसके ससुर मोहन लाल साहू, सास सुशीला बाई साहू और जेठ नीरज साहू भी प्रवीण का ही पक्ष लेते थे। कई बार परेशान होकर मंजूलता मायके आ जाती थी, लेकिन प्रवीण उसे समझा-बुझाकर वापस ले जाता और कुछ दिन बाद फिर वही क्रूरता शुरू कर देता था।

बेटे ने खोले प्रताड़ना के राज

मामले में मृतिका के बेटे सूर्यांश साहू के बयान ने प्रताड़ना के राज खोले। सूर्यांश ने पुलिस को बताया, घटना की रात मैं दादी के साथ घर के ऊपर सोया था। सुबह करीब 7 बजे पापा ने मुझे उठाया और फोर व्हीलर गाड़ी से मुझे और मम्मी को नेशनल अस्पताल लेकर गए। रास्ते में मम्मी के पेट और सीने में तेज दर्द हो रहा था। अस्पताल में डॉक्टरों के पूछने पर मम्मी ने खुद बताया था कि उन्होंने चूहामार दवाई खाई है। मासूम ने यह भी बताया कि घटना से तीन-चार दिन पहले पापा ने गुस्से में मम्मी का मोबाइल भी पटक कर तोड़ दिया था।

लोडिंग चालक पर चाकू से हमला

नवभारत, जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत विनोबाभावे वार्ड में शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर एक शातिर बदमाश ने लोडिंग गाड़ी के चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पनागर निवासी 23 वर्षीय सचिन लोधी करौंदा निवासी शंकर सेठ की लोडिंग गाड़ी चलाता है। विनोबाभावे वार्ड में गोपाल बर्मन नाम के युवक ने उसे रोक लिया। गोपाल ने सचिन से अड़ीबाज़ी करते हुए शराब पीने के लिए 500 मांगे। जब सचिन ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो गोपाल बर्मन ने चाकू निकाला और सचिन के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया।